Page No.___ Date ___/___/20___

कक्षा - छठी

(शब्द - विकार) पाठ - 3

प्र०1 यौगिक शब्द किसे कहते हैं ?

उ० दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से बने शब्दों को यौगिक शब्द कहते हैं।

प्र०2 जिन शब्दों का सार्थक अर्थ निकलता है, वे क्या कहलाते हैं ?

उ० वे सार्थक शब्द कहलाते है।

प्र०3 शब्द एवं पद का अंतर उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

उ० वर्णों का सार्थक समूह शब्द कहलाता है जैसे बालक जबकि मूल शब्द का परिवर्तित रूप, जो वाक्य में प्रयुक्त होता है, पद कहलाता है जैसे जा से जाता, जायेगा बन जाता है।

प्र०4 तत्सम और तद्भव शब्द में क्या अंतर है ?

उ० तत्सम -: जो शब्द संस्कृत में ज्यों-के त्यों हिन्दी में अपना लिए गए हैं वे तत्सम शब्द कहलाते हैं, जैसे जन्म, चंद्र, ग्राम इत्यादि।

तद्भव -: जो शब्द मूल संस्कृत - शब्द के परिवर्तित रूप में हिंदी में प्रचलित हुए हैं, वे तद्भव कहलाते हैं जैसे - गृह - घर, पत्र - पत्ता आदि।

प्र०5 यौगिक और योगरूढ़ शब्दों में अंतर स्पष्ट करो।

उ० यौगिक -: दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से बने शब्दों को यौगिक शब्द कहते हैं। इन खंडो के अलग - अलग अर्थ होते है।

योगरूढ़ - जो शब्द यौगिक होते हुए भी रूढ़ अर्थ देते हैं, वे योगरूढ़ शब्द कहलाते हैं।